1. समान्तर माँग वक्रों पर; दी गई वस्तु की कीमत पर, माँग की कीमत लोच :

(1) यदि हम मूल बिंदु से दूर जाये तो यह घट जायेगी।

(2) यदि हम मूल बिंदु से दूर जाये तो यह बढ़ जायेगी।

(3) माँग की लोच में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

(4) इसकी व्याख्या करना सम्भव नहीं है।

2. माँग की कीमत लोच को मापने के लिए चाप विधि हैं :

(1) $\frac{\Delta Q}{\Delta P} \cdot \frac{Q_1 + Q_2}{P_1 + P_2}$

(2) $\frac{\Delta Q}{\Delta P} \cdot \frac{Q_1 - Q_2}{P_1 - P_2}$

(3) $\frac{Q_2 - Q_1}{P_2 - P_1} \cdot \frac{P_1 + P_2}{Q_1 + Q_2}$

(4) $\frac{Q_1 - Q_2}{P_1 - P_2} \cdot \frac{Q_1 + Q_2}{P_1 + P_2}$

3. प्रथम श्रेणी कीमत विभेद से होगा :

(1) P = MR और कोई महा भार हानि नहीं होगी।

(2) P > MR और उत्पादक आधिक्य नहीं होगा।

(3) P < MR और उपभोक्ता आधिक्य नहीं होगा।

(4) P = MR और उत्पादक आधिक्य नहीं होगा।

4. निम्नलिखित कथन को ध्यानपूर्वक पढ़े और सही विकल्प का चयन करें।

(A) बढ़ती लागत की स्थिति में एक प्रतिस्पर्धी उद्योग में दीर्घकाल में पूर्ति वक्र ऊपर की ओर ढलान वाला होगा।

(B) पूर्ण प्रतियोगी फर्म का सीमान्त लागत वक्र अल्पकाल में AR = AVC से ऊपर का भाग पूर्ति वक्र माना जा सकता है।

(1) (A) सही है परन्तु (B) गलत है।

(2) (A) गलत है परन्तु (B) सही है।

(3) दोनों सही हैं।

(4) दोनों गलत हैं।

5. एक सीधी माँग रेखा पर कीमत लोच शून्य होगा :

(1) मध्य बिन्दु पर

(2) X अक्ष पर

(3) Y अक्ष पर

(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता

6. पूर्ति वक्र में खिसकाव किस कारण से होगा?

(A) उत्पाद की कीमत में बदलाव से।

(B) उत्पादन के साधन की कीमत में बदलाव से।

(C) तकनीक परिवर्तन से।

(D) वस्तु में उत्पादन के लिए नये कच्चे माल की खोज से।

(1) केवल (A)

(2) केवल (A) तथा (B)

(3) (A), (B), (C) तथा (D)

(4) केवल (B), (C) तथा (D)

7. X एवं Y पूर्ण प्रतिस्थापन वस्तु है; तो अनाधिमान वक्र होगा :

(1) L आकार का और $MRS_{xy} = 0$

(2) L आकार का और $MRS_{xy} > 1$

(3) सीधी रेखा और $MRS_{xy} = 1$

(4) सीधी रेखा और $MRS_{xy} = 0$

8. विविध अनुपातों का नियम को अन्य नाम से भी जाना जाता है?

(A) अल्पकालीन उत्पादन फलन।

(B) साधन के प्रतिफल का नियम।

(C) अन्ततोगत्वा घटते प्रतिफल का नियम।

(D) उत्पादन के तीन अवस्थाएँ।

(1) (A) एवं (B) सही हैं।

(2) (A), (B) एवं (D) सही हैं।

(3) (A), (C) एवं (D) सही हैं।

(4) उपरोक्त सभी सही हैं।

9. पेप्सी की कीमत एवं कोका कोला की माँगी गई मात्रा के बीच चाप लोच क्या होगी?

(1) धनात्मक

(2) ऋणात्मक

(3) शून्य

(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता

TELEGRAM - @TEACHINGEXAM FOR UTET DSSSB KVS AND OTHER EXAM



**10.** समउत्पाद वक्र विश्लेषण में उत्पादक का संतुलन होगा यदि :

(1) $MRTS_{LK} = \frac{w}{r}$

(2) $MRTS_{LK} > \frac{w}{r}$

(3) $MRTS_{LK} = \frac{P_x}{P_y}$

(4) $\frac{MU_x}{MU_y} = \frac{w}{r}$

**11.** एकाधिकार शक्ति का :

(1) कीमत लोच के साथ विपरित संबंध होता है।

(2) कीमत लोच के साथ सीधा संबंध होता है।

(3) लोच के साथ कोई संबंध नहीं है।

(4) अर्थ ऊँची लोच ऊँची एकाधिकारी शक्ति।

**12.** दीर्घकाल में एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म के संतुलन बिन्दु पर :

(1) P = AR = MR = MC

(2) P = AR = MR = MC = AC

(3) P = AR = MR = LAC = LMC

(4) P = AR = MR = LAC > LMC

**13.** जब TR और TC बिल्कुल समान होता है तो इस अवस्था (TR = TC) को जाना जाता है :

(1) सामान्य लाभ

(2) शून्य लाभ

(3) लाभ-अलाभ बिन्दु

(4) उपरोक्त सभी

14. कीमत लोच को मापने के सही सूत्र की पहचान करें।

(1) $e_P = \dfrac{AR - MR}{AR}$

(2) $e_P = \dfrac{AR}{AR - MR}$

(3) $e_P = \dfrac{P}{P - \Delta TR}$

(4) (2) और (3) दोनों सही है।

15. मौद्रिक नीति के उपकरण है :

(A) रेपो रेट

(B) खुले बाजार की क्रियायें

(C) नगद जमा अनुपात

(D) सहायिकी (Subsidies)

(1) (A), (B) एवं (D)

(2) (A), (C) एवं (D)

(3) केवल (A) एवं (B)

(4) (A), (B) एवं (C)

16. निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है?

(A) भारत में मुद्रास्फीति को रोकने में मौद्रिक नीति की भूमिका सीमित है।

(B) मौद्रिक नीति की प्रभावशीलता आर्थिक नीति ढाँचा के साथ इसके संघटन पर निर्भर नहीं करता है।

(1) (A) सही है परन्तु (B) गलत है।

(2) (B) सही है परन्तु (A) गलत है।

(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।

(4) (A) एवं (B) दोनों गलत हैं।

17. निम्नलिखित में से किसको आर्थिक विकास के लिए व्यवसायिक बैंक की भूमिका नहीं माना जा सकता है?

(1) बचत एवं पूँजी निर्माण को जुटाना

(2) मौद्रिक नीति का प्रभावशाली कार्यान्वयन

(3) किसानों के उद्यमी हित को बढ़ावा देना

(4) विदेशी मुद्रा भण्डार को नियंत्रित करना

18. राजकोषिय नीति किसे सीधे प्रभावित नहीं करती है?

(A) गरीबी

(B) मुद्रा की पूर्ति

(C) साख की लागत

(D) साख निर्माण

(1) (A), (B) और (D)

(2) (A), (C) और (D)

(3) (B), (C) और (D)

(4) (B) और (D)

19. निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है?

(A) योजना आयोग का गठन मार्च 1950 में हुआ और प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारूप जुलाई 1951 में प्रस्तुत किया गया।

(B) प्रथम पंचवर्षीय योजना का काल 1 अप्रैल 1951 से 31 मार्च 1956 तक रहा।

(1) (A) सही है परन्तु (B) गलत है।

(2) (B) सही है परन्तु (A) गलत है।

(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।

(4) (A) एवं (B) दोनों गलत हैं।

20. कृषि एवं खाद्यान्न का उत्पादन प्रथम पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य था; निम्नलिखित में से कौन-सा प्रथम पंचवर्षीय योजना के मुख्य उद्देश्यों में नहीं था?

(1) राष्ट्रीय आय एवं प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि

(2) गरीबी उन्मुलन

(3) सतत् विकास

(4) आय एवं सम्पत्ति में असमानता में कमी लाना

21. निम्नलिखित में कौन से मुद्रास्फीति के प्रकार है?

(A) हाइपर मुद्रास्फीति

(B) रेंगती मुद्रास्फीति

(C) चलती हुई मुद्रास्फीति

(D) सोती हुई मुद्रास्फीति

(1) केवल (A) और (D)

(2) केवल (A), (B) और (D)

(3) केवल (A), (B) और (C)

(4) सभी चारों

22. भारत में आर्थिक सुधार की दुसरी पीढ़ी (Generation) कब प्रारम्भ हुआ ?

(1) 1991-92

(2) 1995-96

(3) 2000-01

(4) 2004-05

23. भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) 2004-05 के बाद कृषि क्षेत्र में रोजगार वृद्धि दर घटी है।

(B) PLFS 2017-18 के अनुसार महिलाओं में श्रमबल भाभीदारी दल में वृद्धि हुई है।

(1) (A) सही है परन्तु (B) गलत है।

(2) (B) सही है परन्तु (A) गलत है।

(3) दोनों सही है।

(4) दोनों गलत है।

24. भारत में आर्थिक सुधार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है ?

(1) प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश के लक्ष्य निर्धारित करती है।

(2) भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में विनिवेश की प्रक्रिया 2014 में शुरू हुई।

(3) विनिवेश का मुख्य उद्देश्य वित्तिय स्थिति को सुधारना है।

(4) जब सरकार सरकारी उद्यमों के 50 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सेदारी बेच देती है तो उस उपक्रम का नियंत्रण एवं प्रबन्धन निजी उद्यमी के हाथों में चला जाता है।

25. भारत में किस पंचवर्षीय योजना में वास्तविक वृद्धि दर लक्षित वृद्धि दर से कम थी ?

(1) प्रथम पंचवर्षीय योजना।

(2) छठी पंचवर्षीय योजना।

(3) सातवीं पंचवर्षीय योजना।

(4) बारहवीं पंचवर्षीय योजना।

26. निम्नलिखित में से कौन सा SEBI के उद्देश्यों में से नहीं है ?

(1) भारत में प्रतिभूति बाजार के विकास को बढ़ावा देना

(2) भारत में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में एक प्लाटफर्म के रूप में कार्य करना

(3) निवेशकों को घोटाले से सुरक्षित करना

(4) भारत में प्रतिभूति बाजार को नियंत्रित करना

27. जब किसी कार्य में जरूरत से अधिक लोग काम कर रहे हो तो इस अवस्था को कहा जाता है :

(1) असंगठीत बेरोजगारी

(2) चक्रिय बेरोजगारी

(3) मौसमी बेरोजगारी

(4) छिपी हुई बेरोजगारी

28. एक आर्थिक अवस्था जिसमें बेरोजगारी अधिक रहती हो, मुद्रास्फीति अधिक हो एवं आर्थिक वृद्धि दर कम हो या घट रही हो – इसे कहते है :

(1) अवस्फीति

(2) गतिहीनता

(3) स्फीति–गतिरोध

(4) मुद्रास्फीति

29. निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) 18 से 59 वर्ष के लोग श्रमजीवी जनसंख्या में शामिल होते है।

(B) यह अर्थव्यवस्था में संभावित श्रमिकों की कुल संख्या का आकलन प्रस्तुत करता है।

(C) चीन के बाद भारत में दुनिया के सबसे अधिक संभावित श्रम संख्या है।

(1) केवल (A) और (B)

(2) केवल (C)

(3) (A), (B) और (C)

(4) केवल (A) और (C)

30. एक अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित सूचना के आधार पर –

$C = 100 + 0.75\ Yd$

$t = 100$

$I = 500$

$G = 400$

आय के संतुलन स्तर क्या होगा ?

(1) 3700

(2) 3600

(3) 3200

(4) 2800

31. 'तरलता जाल' की स्थिति में :

(1) ब्याज दर में बदलाव से मुद्रा की मांग में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

(2) ब्याज दर में मामूली परिवर्तन से मुद्रा की मांग में बहुत अधिक परिवर्तन होता है।

(3) ब्याज दर में मामूली परिवर्तन से मुद्रा की मांग में थोड़ा परिवर्तन होता है।

(4) मुद्रा की मांग एवं ब्याज दर के आनुपातिक परिवर्तन होता है।

32. घरेलु आय किसके बराबर है?

(1) राष्ट्रीय आय – शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

(2) राष्ट्रीय आय + शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

(3) राष्ट्रीय आय – विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय

(4) राष्ट्रीय आय + विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय

33. मूल्य वृद्धि विधि के प्रयोग की स्थिति में निम्नलिखित में से कौन सा/से राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं होगा?

(A) विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय।

(B) मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य।

(C) स्वयं उपभोग के लिए उत्पादित वस्तु का अनुमानित मूल्य।

(D) स्वयं प्रयोग हेतु मकान का अनुमानित किराया।

(1) केवल (A)

(2) केवल (A) एवं (B)

(3) केवल (B)

(4) केवल (A) एवं (D)

34. निम्नलिखित में कौन सा सही है?

(A) केन्ज़ के सिद्धान्त में, प्रभावपूर्ण माँग के ऊँचे स्तर पर रोजगार की मात्रा अधिक होगी।

(B) परम्परागत अर्थशास्त्रीयों का मानना था कि प्रभावपूर्ण माँग सदा इतना अधिक होता है कि पूर्ण रोजगार बना रहे।

(1) दोनों सही हैं।

(2) दोनों गलत हैं।

(3) (A) सही है परन्तु (B) गलत है।

(4) (A) गलत है परन्तु (B) सही है।

35. निम्नलिखित में से कौन सा/से मुद्रा के परिमाण सिद्धान्त से संबंधित है?

(A) जे.एम. केन्ज़

(B) इरविन फिशर

(C) अर्थर लेविस

(D) मिल्टन फ्रिडमैन

(1) (A), (B) और (C)

(2) (A), (B) और (D)

(3) केवल (B)

(4) केवल (A) और (B)

36. निम्नलिखित में से कौन सा/से व्यावसायिक बैंक के प्राथमिक कार्य नहीं है?

(A) जमा स्वीकार करना और ऋण देना।

(B) साख निर्माण।

(C) विदेशी मुद्रा का क्रय एवं विक्रय।

(D) प्रतिभूतियों का क्रय एवं विक्रय।

(1) (A) और (C)

(2) (C) और (D)

(3) (B) और (C)

(4) (B) और (D)

37. केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच संसाधनों के वितरण के लिए भारतीय संविधान की धारा 280 के तहत निम्नलिखित में से कौन से संस्थान का गठन किया गया?

(1) योजना आयोग

(2) भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग

(3) वित्त आयोग

(4) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन

38. UNDP द्वारा पहली विश्व मानव विकास रिपोर्ट कब शुरू की गई?

(1) 1990

(2) 1992

(3) 1995

(4) 1999

39. निम्नलिखित में से कौन सी परम्परागत सिद्धान्त की मान्यताएं नहीं है?

(A) श्रम एवं वस्तु बाजार में पूर्ण प्रतियोगिता होती है।

(B) पूर्ण रोजगार नहीं पाया जाता।

(C) मुद्रा की मात्रा स्थिर है।

(D) मजदूरी और कीमतें स्थिर है।

(1) (A), (B) और (C)

(2) केवल (B) और (C)

(3) केवल (B) और (D)

(4) केवल (C) और (D)

40. 1991 के आर्थिक मन्दी के लिए कौन सा/से सही है?

(A) विशाल राजकोषिय घाटा

(B) अधिक BOP घाटा

(C) नीची मुद्रा स्फीति

(D) विदेशी मुद्रा भण्डार में वृद्धि

(1) केवल (A), (B) और (C)

(2) केवल (B) और (C)

(3) केवल (C) और (D)

(4) केवल (A) और (B)

41. आई.एम.एफ. द्वारा सुझाए और जुलाई 1991 में भारत द्वारा अपनाए गए समग्र आर्थिक स्थिरीकरण कार्यक्रम के घटक निम्नलिखित में से कौन से है?

(A) मुद्रास्फीति नियंत्रण

(B) BOP समायोजन

(C) मुद्रा का अवमूल्यन

(1) केवल (A) और (B)

(2) केवल (B) और (C)

(3) केवल (A) और (C)

(4) सभी तीनों सही है।

42. आर.बी.आई. का गठन एवं राष्ट्रीयकरण क्रमशः किस वर्ष हुआ?

(1) 1935 और 1950

(2) 1935 और 1951

(3) 1935 और 1949

(4) 1950 और 1935

43. भारत द्वारा योजना लागु करने के बाद प्रथम दशक (1951-52 से 1959-60) के दौरान 2004-05 की कीमतों पर दशकीय GDP वृद्धि दर क्या थी?

(1) 3.0 प्रतिशत

(2) 4.0 प्रतिशत

(3) 3.5 प्रतिशत

(4) 2.5 प्रतिशत

**44.** भारत में विकास नियोजन के शुरुआती वर्षों में लागु किये गये नेहरू–माहनोलोबिश व्युहरचना के संदर्भ में कौन सा सही नहीं है ?

(1) इस व्युहरचना के केन्द्र में भारी उद्योग क्षेत्र था।

(2) यह उद्योगिकरण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर ज़्यादा निर्भर था।

(3) वेज–गुड (Wage-good) क्षेत्र पर अधिक जोर।

(4) इसका मानना था कि राष्ट्रीय आय के अधिकतम वृद्धि द्वारा ही अर्थव्यवस्था का प्रारूप परिवर्तित किया जा सकता है।

**45.** स्वतंत्रता प्राप्ति के दौरान, भारतीय अर्थव्यवस्था को कहा जा सकता था :

(1) तेजी से विकास करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक।

(2) एक स्थिर औपनिवेशिक कॉनक्लेव।

(3) अत्यधिक आधुनिक संसाधनों के साथ एक उभरती अर्थव्यवस्था।

(4) कम बेरोजगारी और अल्प गरीबी वाली एक अर्थव्यवस्था।

**46.** असंतुलित विकास की अवधारणा किसके द्वारा दिया गया है ?

(1) कार्ल मार्क्स

(2) हिर्समैन

(3) शुम्पिटर

(4) रिकार्डो

**47.** **सूची-I** एवं **सूची-II** का मिलान करे और नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनें।

| | **सूची–I** | | **सूची–II** |
|---|---|---|---|
| (A) | साधन सम्पन्नता | (i) | डेविड रिकार्डो |
| (B) | तुलनात्मक लाभ | (ii) | ओहलिन |
| (C) | स्थाई आय सिद्धान्त | (iii) | अर्थर लुइस |
| (D) | श्रम की असीमित पूर्ति | (iv) | मिल्टन फ्रिडमैन |

| | **(A)** | **(B)** | **(C)** | **(D)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**48.** संघीय बजट 2022-23 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस मद पर भारत सरकार सर्वाधिक आनुपातिक व्यय करती है ?

(1) केन्द्र प्रायोजित योजनाएँ

(2) रक्षा क्षेत्र

(3) सहायिकी (Subsidies)

(4) ब्याज भुगतान

49. NFHS-5 (2019-21) की सूचना के अनुसार भारत में कुल प्रजनन दर (प्रति महिला बच्चे) घटकर कितनी हो गयी है?

(1) 2

(2) 2.5

(3) 3

(4) 3.5

50. निम्नलिखित में से कौन सा सही मिलान नहीं है?

(1) मेक इन इंडिया – 2014

(2) बारहवीं पंचवर्षीय योजना – 2012

(3) मनरेगा – 2010

(4) प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि – 2019

51. संघीय बजट 2022-23 के आवंटन के अनुसार निम्नलिखित मंत्रालयों को घटते क्रम में लगाइये।

(A) गृह मंत्रालय

(B) रक्षा मंत्रालय

(C) सड़क परिवहन एवं हाइवे मंत्रालय

(D) रेल मंत्रालय

(1) (B), (A), (D), (C)

(2) (B), (C), (A), (D)

(3) (B), (C), (D), (A)

(4) (B), (A), (C), (D)

52. राजकोषिय घाटा किसके समान है?

(1) प्राथमिक घाटा – ब्याज भुगतान

(2) बजट व्यय – राजस्व प्राप्तियाँ

(3) बजट व्यय – बजट प्राप्तियाँ ऋण को कम करने के बाद

(4) बजय व्यय – पूँजीगत प्राप्तियाँ

53. UNDP द्वारा 2021 में जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार इन देशों की गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाली जनसंख्या के आधार पर घटते क्रम में लगायें।

(A) भारत

(B) पाकिस्तान

(C) बांग्लादेश

(D) श्रीलंका

(1) (B), (C), (A), (D)

(2) (B), (C), (D), (A)

(3) (B), (A), (D), (C)

(4) (B), (A), (C), (D)

54. 31 दिसम्बर 2021 को भारत में विदेशी मुद्रा भण्डार कितना था :

(1) $ 593.6 बिलियन

(2) $ 621.2 बिलियन

(3) $ 633.6 बिलियन

(4) $ 659.4 बिलियन

55. जब 2020-21 में भारत में जी.डी.पी. वृद्धि दर ऋणात्मक रही तो निम्नलिखित में से कौन से क्षेत्र में वृद्धि दर धनात्मक रही ?

(1) निर्माण क्षेत्र

(2) विनिर्माण क्षेत्र

(3) खनन एवं उत्खनन क्षेत्र

(4) कृषि क्षेत्र

56. MSMEs के नवीनतम परिभाषा के अनुसार सूक्ष्म उद्यमियों के लिए प्लान्ट एवं मशीनरी में निवेश की अधिकतम सीमा क्या है ?

(1) 50 लाख से कम

(2) 1 करोड़ से कम

(3) 1.5 करोड़ से कम

(4) 5 करोड़ से कम

57. विश्व बहुआयामी गरीबी सूचकांक के उद्देश्य से UNDP द्वारा जीवन स्तर को मापने के लिए निम्न में से कौन से सूचक को नहीं लिया जाता है ?

(1) मासिक प्रति व्यक्ति आय

(2) साफ पीने के पानी की उपलब्धता

(3) स्वच्छता सुविधाएँ

(4) बिजली की उपलब्धता

58. प्रेबिश-सिंगर परिकल्पना किससे संबंधित है?
(1) विकासशील देशों में आय असमानताएँ।
(2) विकासशील देशों में गरीबी एवं बेरोजगारी।
(3) विकासशील देशों की व्यापार की शर्ते।
(4) विकासशील देशों का भुगतान संतुलन घाटा।

59. इनमें से कौन से क्षेत्रीय व्यापार संगठन के सदस्यों ने रिजनल कम्प्रेहेन्सिव इकोनोमिक पार्टनरशीप (RECP) का हिस्सा होने पर अपनी सहमति दी है?
(1) NAFTA
(2) ASEAN
(3) SAFTA
(4) BRICS

60. J वक्र सिद्धान्त किसके प्रभाव का वर्णन करता है :
(1) आय का आयात पर।
(2) अवमूल्यन का व्यापार शेष पर।
(3) व्यापार का GDP पर।
(4) आय का गरीबी पर।

61. सही कथन की पहचान करें।
(1) AM > HM > GM
(2) AM < GM < HM
(3) AM < HM < GM
(4) AM > GM > HM

62. निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
(1) बहुलक = 3 माध्यिका – 2 माध्य
(2) बहुलक = 3 माध्य – 2 माध्यिका
(3) बहुलक = 4 माध्य – 3 माध्यिका
(4) बहुलक = 4 माध्यिका – 3 माध्य

63. फिशर का आदर्श सूचकांक सूत्र निम्नलिखित में से किसे संतुष्ट नहीं करता है?
(1) समय उत्क्रमण (Reversal) परीक्षण।
(2) साधन उत्क्रमण (Reversal) परीक्षण।
(3) चक्रीय परीक्षण।
(4) इकाई परीक्षण।

64. समय श्रृंखला (Time Series) में कितने प्रकार के संघटक होते हैं?

(1) पाँच

(2) चार

(3) तीन

(4) दो

65. निम्नलिखित कथनों को पढ़े और सही विकल्प चुनें।

(A) स्टैंडिंग जमा सुविधा ऊर्जित पटेल समिति द्वारा पहली बार विचार में लाया गया था।

(B) नोटबन्दी के समय हुए अतिरेक फण्ड को समायोजित करने के लिए इस सुविधा को लागु किया गया।

(1) (A) सही है परन्तु (B) गलत है।

(2) (A) गलत है परन्तु (B) सही है।

(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।

(4) (A) एवं (B) दोनों गलत हैं।

66. आई.एम.एफ. (IMF) के अनुमान के अनुसार 2029 में भारत की अर्थव्यवस्था ____________ ट्रिलियन की होगी।

(1) $ 4.92

(2) $ 5.0

(3) $ 6.0

(4) $ 4.2

67. सार्वजनिक वस्तु के विशेषताएँ कौन-कौन सी है?

(1) सरकार द्वारा उत्पादित वस्तुएँ

(2) गैर-वर्जित एवं गैर-प्रतिस्पर्धात्मक

(3) सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा उत्पादित वस्तुएँ

(4) (1) और (2) दोनों।

68. निम्नलिखित श्रृंखला में से माध्यिका निकालें।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| चुनाव | 10 | 12 | 15 | 20 | 30 | 42 | 60 | 85 |

(1) 20

(2) 25

(3) 30

(4) 35

69. साधन उत्क्रमण (Reversal) परीक्षण संतुष्ट होता है; जब –

(1) $P_{01} \times Q_{01} = \frac{\Sigma P_1 q_0}{\Sigma P_0 q_0}$

(2) $P_{01} \times Q_{01} = \frac{\Sigma P_1 q_1}{\Sigma P_0 q_0}$

(3) $P_{01} \times Q_{01} = \frac{\Sigma P_0 q_1}{\Sigma P_0 q_0}$

(4) $P_{01} \times Q_{01} = \frac{\Sigma P_0 q_0}{\Sigma P_0 q_0}$

70. विश्व बैंक के अनुमान (2021) के अनुसार, पी.पी.पी. (PPP) के आधार पर चीन की जी.डी.पी. भारत के जी.डी.पी. से कितना गुणा अधिक है ?

(1) 2.61
(2) 3.0
(3) 2.1
(4) 5.0

71. निम्नलिखित में से कौन से कथन सही है ?

(A) भारत में आर्थिक सुधार एवं पंचवर्षीय योजना क्रमशः 1991 एवं 1951 में शुरू हुए।
(B) चीन में आर्थिक सुधार एवं पंचवर्षीय योजना क्रमशः 1978 एवं 1953 में शुरू हुआ।

(1) (A) सही है परन्तु (B) गलत है।
(2) (A) गलत है परन्तु (B) सही है।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(4) (A) और (B) दोनों गलत हैं।

72. शून्य कुपन बॉण्ड है :

(1) गैर-बैंकिंग वित्तिय संस्थानों द्वारा जारी आधारभूत ढाँचा ऋण फण्ड बॉण्ड।
(2) आर.बी.आई. द्वारा जारी आधारभूत ढाँचा संबंधित बॉण्ड।
(3) भारत सरकार द्वारा बेचे जाते है।
(4) एच.डी.एफ.सी. (HDFC) द्वारा जारी आधारभूत ढाँचा बॉण्ड।

73. फिशर का आदर्श सूचकांक है :

(1) $P_{01} = \sqrt{\frac{\Sigma P_1 q_0}{\Sigma P_0 q_0}} \times 100$

(2) $P_{01} = \sqrt{\frac{\Sigma P_1 q_0}{\Sigma P_o q_0} \times \frac{\Sigma P_1 q_0}{\Sigma P_o q_1}} \times 100$

(3) $P_{01} = \frac{P_1 q_1}{P_o q_1} + \frac{P_0 q_0}{P_1 q_1} \times 100$

(4) $P_{01} = \sqrt{\frac{\Sigma P_1 q_0}{\Sigma P_0 q_1}} \times 100$

74. एक वितरण में बहुलक का मूल्य 44 है एवं माध्यिका का मूल्य 30 है तो अंकगणितीय माध्य का संभावित मूल्य क्या होगा ?

(1) 22

(2) 23

(3) 24

(4) 25

75. निम्नलिखित शृंखला में से बहुलक ज्ञात करें।

10, 12, 14, 15, 12, 13, 18, 19, 12, 13, 11, 12

(1) 10

(2) 15

(3) 12

(4) 18

76. निम्नलिखित में से कौन सा परम्परावादी समय शृंखला विश्लेषण गुणात्मक (Multiplicative) मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है ?

(1) Y = TSCI

(2) Y = TSC

(3) Y = SCI

(4) Y = TCI

77. एक व्यक्ति द्वारा धारण किये गये वस्त्र के रंग एवं उसके बौद्धिक स्तर के बीच क्या संबंध है ?

(1) ऋणात्मक

(2) कोई संबंध नहीं

(3) धनात्मक

(4) (1) अथवा (3)

78. निम्नलिखित में से कौन सा गलत है?

(1) आई.एस. (IS) वक्र वस्तु बाजार के संतुलन को दर्शाता है।

(2) कर में वृद्धि से आई.एस. वक्र बाई ओर खिसकता है।

(3) आई.एस. वक्र विश्लेषण दर्शाता है कि ब्याज दर में वृद्धि से उत्पादन में कमी होता है।

(4) गुणांक आई.एस. वक्र के ढलान को प्रभावित नहीं करता है।

79. निम्नलिखित श्रृंखला में $\overline{X}$ से विचलन के जोड़ ज्ञात करें।

10, 20, 30, 40, 50

(1) 30

(2) 0

(3) 15

(4) 20

80. यदि आय की लोच का गुणांक ऋणात्मक 0.8 है और उपभोक्ता की आय में 20 प्रतिशत वृद्धि होती है। इस वस्तु की माँग :

(1) 16 प्रतिशत बढ़ जायेगी तथा इस वस्तु की प्रकृति आवश्यक वस्तु की है।

(2) 16 प्रतिशत घट जायेगी तथा इस वस्तु को निकृष्ट वस्तु का नाम दिया जायेगा।

(3) 16 प्रतिशत बढ़ जायेगी तथा वस्तु सामान्य है।

(4) 8 प्रतिशत बढ़ जायेगी तथा वस्तु की प्रकृति विलासता वस्तु है।